प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 09.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज वर्चुअल माध्यम से नेशनल ॅ डेटा मैनेजमेन्ट सिस्टम का उद्घाटन किया। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड–एनएसजी ने बनाया है। इस मौके पर श्री शाह ने कहा कि इससे देश में आंतरिक सुरक्षा फ्रेमवर्क मजबूत होगा और आतंकवाद का मुकाबला करने में मदद मिलेगी। गृह मंत्री श्री शाह आज शाम नार्को समन्वय केंद्र की बैठक करेंगे। इसमें देश में मादक पदार्थों के खतरे से निपटने के लिए किए जा रहे सामूहिक प्रयासों की समीक्षा की जायेगी। इसके बाद श्री शाह का राजस्थान दौरे का कार्यक्रम है। वे देर रात जोधपुर पंहुचेंगे। श्री शाह कल बीएसएफ कैंप और एयरफोर्स स्टेशन तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके बाद जयपुर के लिए रवाना होंगे। गृह मंत्री कल जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्यस्तरीय समारोह में हाल ही में चयनित कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

0000

प्रदेश के निजी स्कूलों को प्री–प्राइमरी से पहली कक्षा तक आरटीई के तहत प्रवेश देना होगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने इस बारे में आदेश जारी किये है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बी एस संधू की पीठ ने जनहित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए ये आदेश दिये। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि स्कूल पहली कक्षा में अतिरिक्त सीटों पर सामान्य प्रवेश दे रहे हैं तो उसी अनुपात में 25 फीसदी सीटों पर आरटीई के तहत भी प्रवेश दिए जाएगे। अदालत ने इस मामले में 4 नवंबर को सभी पक्षों की बहस सुनकर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

0000

78 वें सेना दिवस की परेड का आज से राजधानी जयपुर में पूर्वाभ्यास शुरू हुआ। ये रिहर्सल जगतपुरा के महल रोड़ पर की जा रही है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। ये पूर्वाभ्यास 11 और 13 जनवरी को भी किया जायेगा। मुख्य परेड 15 जनवरी को होगी। इस बीच भवानी निकेतन कॉलेज मैदान पर लगी सैन्य हथियारों की प्रदर्शनी कल से शुरू हुई। सेना दिवस के मौके पर एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या आयोजित की जायेगी। इसमें ड्रोन शो आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

0000

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज हैरिटेज वॉक के साथ बीकानेर में केमल फेस्टिवल का आगाज किया। तीन दिन के इस फेस्टिवल में देशी–विदेशी सैलानियों और स्थानीय नागरिकों के लिए कई रोचक गतिविधियां रखी गई है। मीडिया से बातचीत में श्री मेघवाल ने कहा कि बीकानेर हवेलियों का शहर है, इनके संरक्षण के लिए समुचित प्रयास किये जायेंगे।

.....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि प्रवासी भारतीय, भारत और विश्व के बीच एक मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीयों ने देश से जुडे रहकर जहां भी गए है, वहां के समाजों को समृद्ध किया है।

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हुई मावठ ने सर्दी का असर बढ़ा दिया है। झुंझुनूं, सीकर, अलवर और नागौर सहित कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। वहीं चित्तौडगढ, भरतपुर और कोटा सहित कई स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरा दर्ज किया गया। सिरोही, दौसा, जैसलमेर में कोल्ड डे बना हुआ है। उदयपुर के गोगुन्दा में न्यूनतम तापमान शून्य के पास पंहुच गया। खुले इलाकों में ओस की बूंदे जमी हुई देखी गई। तेज ठंड से लोगों के अलावा पशु पक्षी भी परेशान हो रहे है। पशुपालन विभाग की ओर से तेज सर्दी से पशुओं के बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। पाली से पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि तेज सर्दी से पशुओं के बचाव के लिए तिरपाल लगाये जाने चाहिए।

.....

0000